जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
प्रशासन विभाग
(हिन्दी अनुभाग)

सं. प्रशासन/राजभाषा/अभि.पत्रिका/21/2026/ दिनांक : 04/03/2026

परिपत्र

विषय : 'अभिव्यक्ति' हिन्दी पत्रिका के 40वें अंक का प्रकाशन

संदर्भ : उपर्युक्त विषय में दि. 24/02/2026 को जारी परिपत्र

01. हमारी गृह पत्रिका की गुणवत्ता में सुधार तथा अधिक रचनाकारों को प्रेरित करने के उद्देश्य के साथ रचनाकारों के मानदेय में वृद्धि की गयीं है । सभी कर्मचारियों, अधिकारियों तथा उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे 'अभिव्यक्ति' पत्रिका के 40वें अंक के लिए निबंध, कहानी, कविता तथा अपने कामकाज से सम्बंधित हिन्दी रचनाऐं हिन्दी अनुभाग को 12 मार्च, 2026 से पहले Email ID – hindicell@jnport.gov.in पर भेजें । पत्रिका का प्रकाशन आगामी भविष्य में भी प्रत्येक 6 माह में निरन्तर जारी रहेगा अत: रचनाकारों को जब भी समय मिले, रचनाऐं लिखकर हिन्दी अनुभाग को भेजें । रचनाओं के कुछ सम्भावित शीर्षक एवं पात्रता की शर्तें अनुबंध – 1 पर संलग्न हैं ।

02. सभी प्रकार की रचनाऐं अनुबंध – 2 पर संलग्न प्रमाण-पत्र भरकर तथा फोटो के साथ भेजें ।

मानदेय की दरें निम्नलिखित हैं :

क्र. सं.	**विषय**	**दरें**
क	लेख, निबंध, व्यंग्य आदि (500 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 4000/-
ख	कहानी एवं नाटक (500 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 5000/-
ग	कविता (100 शब्दों से कम होनें पर आधा मानदेय)	रु. 1500/-
घ	पुस्तक समीक्षा (250 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 1500/-
च	सभी अधिकारियों द्वारा विविध विषयों पर हिन्दी में लेख (500 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 7000/-
छ	अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों द्वारा विविध विषयों पर हिन्दी में लेख (500 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 11000/-

03. सभी विभागाध्यक्षों/वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने विभाग में इस परिपत्र का व्यापक प्रचार करें और व्यक्तिगत स्तर पर अधीनस्थ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिक से अधिक रचनाऐं भेजने के लिए प्रेरित करें । इस परिपत्र की एक छायाप्रति अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर अवश्य लगाएं । स्थायी कार्मिकों द्वारा पर्याप्त संख्या में अच्छी गुणवत्ता की रचनाऐं नहीं प्राप्त होने पर, संविदा पर कार्यरत कार्मिकों एवं सेवा निवृत्त कार्मिकों की भी रचनाऐं (अधिकतम 4) स्वीकार की जायेंगी ।

04. पत्तन की इस पत्रिका के प्रकाशन में आप सभी के अधिकतम सहयोग की आशा है ।

4/3/2026

(मनीषा जाधव)
महाप्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव

सेवा में,
मुख्य सतर्कता अधिकारी,
महाप्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव/मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिक तथा वि. अभि.)/महाप्रबंधक (यातायात)/
मुख्य महाप्रबंधक (पीपीडी)/महाप्रबंधक (वित्त)/उप संरक्षक
उप महाप्रबंधक (प्रबंधन सेवा)/वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अध्यक्ष के वैयक्तिक सचिव / उपाध्यक्ष के वैयक्तिक सचिव

अनुबंध - 1

संभावित शीर्षक :

01) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय अथवा जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण के कामकाज से सम्बन्धित

02) जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण या अन्य पत्तनों का पर्यटन विकास में योगदान अथवा विकास की सम्भावना

03) भारत सरकार की सागरमाला, गति शक्ति, स्वच्छ भारत अभियान आदि महत्वाकांक्षी योजनाऐं

04) वर्तमान परिदृश्य में बच्चों की सर्वांगीण शिक्षा एवं उनका व्यक्तित्व विकास

05) कम्प्यूटर और सूचना तकनीक के दैनिक जीवन में प्रयोग / डिजिटल इंडिया

06) महाराष्ट्र के महापुरूष और संतों की जीवनी, उदाहरणार्थ - शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज, संत तुकाराम आदि (एक रचनाकार किसी एक महापुरूष के बारे में लिखें)

07) हमारे त्यौहार, रीति-रिवाज और परम्पराऐं

08) कोई भी अन्य उल्लेखनीय विषय

शर्तें :

(1) संकलित रचना पर मानदेय नहीं मिलेगा । मौलिक या अनूदित रचना पर ही मानदेय मिलेगा ।

(2) संपादक मंडल को उन रचनाओं पर मानदेय नहीं मिलेगा जो संपादक के कर्तव्यों के तौर पर लिखी जाएंगी जैसे - संपादकीय टिप्पणी, स्पष्टीकरण तथा पाठकों के पत्रों के उत्तर इत्यादि । किन्तु, अगर वे पत्रिका के लिए लेख आदि लिखेंगे तो निश्चित दर से मानदेय प्राप्त कर सकेंगे ।

(3) रचनाएँ, लेख आदि अप्रकाशित और मौलिक होने चाहिए तथा साथ ही मौलिकता व अप्रकाशित होने का प्रमाण-पत्र संलग्न प्रपत्र में लेखक द्वारा भेजा जाएगा ।

(4) रचनाएँ हिन्दी में टाईप की हुई होनी चाहिए । हस्तालिखित या pdf file में भेजी हुई रचनाऐं नहीं स्वीकार की जाएगी । Email ID hindicell@jnport.gov.in पर रचनाऐं ऑन लाइन भेजी जानी चाहिए ।

(5) बिना प्रमाण पत्र तथा फोटो के रचनाऐं स्वीकार नहीं की जाएंगी ।

(6) रचना लिखने में यदि कोई भी असुविधा या संशय हो, तब हिन्दी सेल से संपर्क करें ताकि आपकी यथा संभव सहायता की जा सके ।

अनुबंध - 2

प्रमाणपत्र

मैं ______________________________ ____________________(नाम, तथा पदनाम)

यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा 'अभिव्यक्ति' पत्रिका में प्रकाशित करने के लिए दिया गया/दी गई -- (रचना का नाम) मौलिक है तथा अभी तक कहीं किसी पत्र अथवा पत्रिका में प्रकाशित नहीं हुआ/हुई है ।

मैं यह वचन देता/देती हूँ कि अगर यह पाया गया कि मेरी रचना मौलिक नहीं थी या किसी पत्र अथवा पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी थी तो मैं प्राप्त मानदेय की समस्त राशि एकमुश्त रूप से लौटा दूँगा/दूँगी ।

स्थान :

तारीख :

हस्ताक्षर :

नाम :

पूरा पता : ---------------------------

मोबाइल नं. :--------------------------